केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 10 सोमवार 29 जुलाई 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### विकास प्राधिकरण की महायोजना 2031 स्वीकृत

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शासन ने बस्ती विकास प्राधिकरण की महायोजना–2031 को स्वीकृत कर दिया है। महायोजना–2031 के अनुसार मुख्य सड़कों के किनारे हाईवे फैसिलिटी जोन (कॉमर्शियल जोन) विकसित होगा। जहां पर विभिन्न प्रकार की कॉमर्शियल गतिविधियों को संचालित करने के लिए भवनों का नक्शा बनवाया जा सकता है। यह कॉमर्शियल जोन मुख्य सड़क से 500 मीटर दोनों तरफ होगा। यह रिंग रोड शहर के मुख्य सड़कें, सोनूपार रोड, रिंग रोड, बांसी रोड, महसो रोड और कलवारी रोड पर स्थापित होगा।

बीडीए सचिव प्रतिपाल सिंह चौहान व अधिशासी अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि नई योजना में कॉमर्शियल जोन विकसित किया गया है। यह प्राधिकरण क्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन में मदद करेगा। कॉमर्शियल जोन में ढाबा, होटल, मोटल, ऑटो गैरेज, दुकान, कोल्ड स्टोरेज, ग्रीन रिजार्ट, रेस्टोरेंट, कैंटीन, जलपालन गृह, साइबर कैफै, कुटीर उद्योग, वेयर हाउस, कार्यालय, बैंक, डाकखाना, सरकारी प्रतिष्ठान, फलों की दुकान, मौसम केंद्र, गेस्ट हाउस आदि स्थापित किए जा सकते हैं।

रिंग रोड पर पड़ने वाले भदेश्वरनाथ, निबिया, बनकटा, सोनूपार, महसो रोड पर निपनिया, साहूपार, महसोजोत, महसो खास, कैली रोड पर चननी, दुधौरा, जगदीशपुर, खशुआ, रिंग रोड पर चोरभरिया, छितही नरसिंह, कोपिया, कोपवा, परसाटूड़ी, लटवापार, कटया, बायपोखर, हरैया जप्ती, रहठौली, सबदेईया खुर्द, एनएच 28 पर मरवटिया, खझौला, बनियाजोत, पिपराचंद्रपति, सोनारजोत, खुटहना, मनौरीडांडी, अरखाबारी, हड़िया, करही, सबदेईया कला, परसाजाफर, दसौता सड़क के दोनों तरफ कॉमर्शियल जोन होगा। अहमट घाट के आगे फुटहिया से महरीपुर के बीच कॉमर्शियल जोन बनाया गया है। फुटहिया संसारपुर से रिठिया, बगही, पुरैना, कटया, भटहा व्यवसायिक क्षेत्र में आएगा। बस्ती–बांसी मार्ग पर बनकटी, बसिया व हरर्दिया बुजुर्ग के पास भी कॉमर्शियल जोन बना है।

### सरदार पटेल स्मारक संस्थान की त्रैमासिक बैठक में विकास पर जोर



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। सरदार पटेल स्मारक संस्थान की त्रैमासिक बैठक संस्थान के सभागार में ओमप्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ओमप्रकाश चौधरी ने सदस्यों व पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि संस्थान की प्रगति और संस्थान को लोगों के लिये उपयोगी बनाने की दिशा में सतत प्रयास होना चाहिये। उन्होने कहा सदस्यों की एकजुटता और पदाधिकारियों का नेतृत्व व मार्गदर्शन संस्थान के लिये अहम है।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. राजेप्द्र प्रसाद वर्मा एवं कनिष्ठ उपाध्यक्ष अमित चौधरी ने अपने विचार रखते हुये कहा कि अल्प संसाधनों में संस्थान छात्रों को बेहतर सुविधायें देने को प्रतिबद्ध है। महामंत्री डा. सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी ने कोषाध्यक्ष रामजी चौधरी द्वारा तैयार संस्थान के आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया और आगे की योजनाओं की जानकारी दी। सदस्यों व पदाधिकारियों ने आय व्यय की रिपोर्ट पर अपनी सहमति जताई। बैठक में प्रमुख रूप से प्रेमचन्द पटेल, राजेश निराला, भानुप्रताप चौधरी, झिनकान चौधरी, ध्रुवचन्द चौधरी, विद्यासागर चौधरी, रामकमल चौधरी, रामतेज चौधरी, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, इंजी. श्यामलाल चौधरी, इंजी. विक्रम चौधरी, विजय कुमार सिंह, गौरव चौधरी, धर्मदेव चौधरी, कमलेश चौधरी, रामकृपाल चौधरी, डा. श्यामनरायन चौधरी, टीआर चौधरी, शीतला पटेल आदि उपस्थित रहे।

# दिल्ली की आईएएस कोचिंग सेण्टर के बेसमेंट में डूबने से 3 छात्रों की मौत

**दिल्ली (आभा)।** दिल्ली में शनिवार शाम हुई बारिश के चलते ओल्ड राजेंद्र नगर के राउ आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर गया। इसमें डूबने से 3 छात्रों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शाम 7 बजे सूचना मिलने के बाद एनडीआरएफ को बुलाया गया। देर रात 3 स्टूडेंट के शव और 14 छात्रों को सुरक्षित निकाला गया।

शनिवार रात बिल्डिंग में पावर कट के कारण बेसमेंट में बनी लाइब्रेरी का बायोमेट्रिक गेट जाम हो गया। स्टूडेंट अंधेरे में लाइब्रेरी के अंदर



फंस गए। गेट बंद होने के कारण पानी शुरुआत में बेसमेंट में नहीं घुसा था, लेकिन कुछ मिनट बाद ही पानी का प्रेशर तेज हुआ और गेट टूट गया। गेट टूटने के बाद पानी तेजी से बेसमेंट में भरने लगा।

चश्मदीद ने बताया कि बहाव इतना तेज था कि सीढ़ियां चढ़ना मुश्किल हो रहा था। कुछ सेकेंड में ही घुटनों तक पानी भर गया। ऐसे में स्टूडेंट बेंच पर खड़े हो गए। महज 2–3 मिनट में ही पूरे बेसमेंट में 10–12 फीट पानी भर गया। बाद में बच्चों को बचाने के लिए रस्सियां फेंकी गईं, लेकिन पानी गंदा था, इसलिए रस्सी दिखाई नहीं दी।

पुलिस ने कोचिंग मालिक अभिषेक गुप्ता और कोऑर्डिनेटर देशपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार शाम दोनों को दिल्ली कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया गया। वहीं, दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने डिविजनल कमिश्नर से मंगलवार तक रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है।

फायर ऑफिसर ने बताया कि फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियां भेजी गई थीं। सड़क पर पानी भरे होने के कारण शुरुआत में बेसमेंट से पानी नहीं निकल रहा था। कुछ देर बाद जब सड़क से पानी कम हुआ, तब जाकर बेसमेंट से पानी निकलना शुरू हुआ। हमने पंप लगाकर पानी निकाला। इसके बाद छात्रों के शव मिलना शुरू हुए।

पुलिस ने बताया कि रेस्क्यू के दौरान पानी में बेंच तैर रही थी। इसलिए बच्चों को बाहर निकालने में दिक्कतें हुईं। देर रात को जब रेस्क्यू आखिरी चरण में था, तब भी 7 फीट तक पानी अंदर भरा हुआ था। 14 बच्चों को रस्सियों के सहारे सुरक्षित निकाला गया।

2021 में एमसीडी की ओर से राउ आईएएस कोचिंग सेंटर को सर्टिफिकेट जारी किया गया था। इसमें कहा गया था कि बेसमेंट में सिर्फ स्टोरेज की अनुमति है। वहां कोई व्यवसायिक गतिविधि नहीं चलाई जा सकती है। घटना के बाद एमसीडी ने कहा है कि कोचिंग सेंटर में लाइब्रेरी अवैध रूप से चलाई जा रही थी। बिल्डिंग प्लान और फायर ब्रिगेड के नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट में कोचिंग के अधिकारियों ने बताया था कि बेसमेंट का इस्तेमाल पार्किंग और स्टोर रूम के काम के लिए किया जा रहा था। हादसे के बाद शनिवार देर रात से ही छात्रों ने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन शुरू किया, जो सुबह से देर शाम तक जारी रहा।

# भाजपा सांसद जगदम्बिका पाल का फूल मालाओं के साथ स्वागत



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। डुमरियागंज के सांसद भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जगदम्बिका पाल के बस्ती आगमन पर एपीएन पी.जी. कालेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अमन प्रताप सिंह के नेतृत्व में शिव हर्ष किसान पी.जी. कालेज के निकट फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। इसी कड़ी में पार्टी नेता एवं पूर्व प्रमख कृष्ण चन्द्र सिंह के नेतृत्व में बस्ती सुगर मिल के कर्मचारियों ने सांसद जगदम्बिका पाल को ज्ञापन सौंपा। सूर्यमणि चतुर्वेदी, जनार्दन सिंह, सूबेदार सिंह, चंदन सिंह, सौरभ आदि सांसद श्री पाल को बताया कि जब तक मिल कर्मचारियों का बकाया भुगतान मिल प्रबंधन नहीं कर देता है तब तक हम शुगर मिल का कोई भी सामान

### –मिल कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

बाहर नहीं ले जाने देंगे। इस मामले में जिला प्रशासन ने मिल कर्मचारियों से मिलकर आश्वासन दिया है कि मिल कर्मचारियों का बकाया भुगतान कराया जाएगा लेकिन मिल प्रबंधन कर्मचारियों के ऊपर अनावश्यक दबाव बनाकर धरने को समाप्त करना चाह रहा है लेकिन कर्मचारी लगातार धरना जारी रखे हुए हैं। सांसद जगदम्बिका पाल ने मिल कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि समस्या का प्रभावी निराकरण कराया जायेगा।

सांसद जगदम्बिका पाल का स्वागत करने वालों में संजय सिंह, ध्रुवचन्द्र सिंह, गोपाल यादव, पंकज सिंह, राज बहादुर, राजेन्द्र सिंह, ऋषभ प्रताप सिंह के साथ ही अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

# बुलडोजर पर भड़के भाजपा विधायक सुरेन्द्र अधिकारियों को दिया देख लेने की चेतावनी

**कानपुर (आभा)।** कानपुर जिले में मौजूद एक बस्ती में एक हफ्ते के अंदर झोपड़ी और मकान को खाली कराने के नोटिस लगे तो हड़कंप मच गया। बात जब भाजपा विधायक तक पहुंची तो वह भी मौके पर पहुंच गए। नोटिस देखकर भाजपा विधायक भड़क गए और संबंधित अफसर को फोन मिला दिया। विधायक ने फोन पर ही अफसर को लताड़ लगानी शुरू कर दी। विधायक ने चेतावनी देते हुए कहा, कि अगर इस बस्ती पर किसी ने नजर उठाई तो बुलडोजर समेत सबको नहर में घुसेड़ देंगे। विधायक ने अफसर को सारी नोटिस को फड़वाने के लिए भी कहा। विधायक का वीडियो अब सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

मामला गोविंदनगर की विवेकानंद नगर बस्ती का है। यहां पांच सौ ज्यादा परिवारों को एक हफ्ते में झोपड़ी, मकान खाली करने का मकानों पर सिंचाई विभाग की ओर से नोटिस चस्पा किया गया है। इसकी सूचना



मिलने पर भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी लोगों से मिलने पहुंच गए। घरों पर लगे नोटिस और बुलडोजर खड़ा देखकर भाजपा विधायक का पारा चढ़ गया। विधायक ने तुरंत सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता मनोज सिंह को फोन मिलाया। फोन पर विधायक ने साफ शब्दों में कहा कि किसी को भी बेघर नहीं किया जाए। अगर ऐसा हुआ तो तुमको बुलडोजर समेत नहर में घुसेड़ देंगे।

विधायक ने आगे कहा, यहां तुमने पूरी बस्ती में नोटिस लगाए हैं। यहां पर अगर तुमने आगे कोई कदम उठाया और कोई यहां बुलडोजर आया तो तुम्हारा और तुम्हारी कंपनी और तुम्हारे बुलडोजर तीनों का स्वागत मैं करूंगा। मुझसे निपट लेना तब तुम बस्ती में आना। विधायक ने फोन पर अफसर को चेतावनी देते हुए कहा, कि ये गंदा काम बंद कर दो। मोदी जी योगी जी लोगों को घर दे रहे हैं और तुम उजड़वा दोगे क्या? इतनी हिम्मत हो जाएगी क्या? बुलडोजर और सबको घुसड़वा दूंगा इसी नहर में। यहां पर किसी को छू न लेना। नोटिस फड़वाकर फिंकवा दो। बोल दिया है मैंने यहां सब फड़वाके फिंकवा रहा हूं। बुलडोजर आना नहीं चाहिए और तुम्हारा एक भी आदमी दिखना नहीं चाहिए और दिख गया तो समझ लेना फिर। बिल्कुल साफ भाषा में समझ लो। तुम हमारी आवाज को रिकॉर्ड कर लो ये आगे काम आएगी तुम्हारे। विधायक बोले–हम नहर को पक्की बनवाने के लिए लगे हैं। नहर पक्की बन जाएगी तो गरीब आदमी का भला हो जाएगा और तुम लोग सबकुछ उजाड़ने पर लगे हो। विधायक ने आगे कहा, यहां आओगे तो दो–दो हाथ हमसे करना। विधायक बार–बार अफसर को फोन पर चेतावनी देते नजर आए। उन्होंने कहा, दोबारा यहां कोई घुस न जाए, वरना उत्तर प्रदेश के सदन को छोड़कर यहां पहुंच जाऊंगा। यहां गरीबों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए।

# हार की कुंठा निकालने में लगा है विपक्ष- अनिल राजभर

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर केंद्रीय बजट 2024 को लेकर जनसमर्थन के लिए आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मन्त्री अनिल राजभर ने कहा कि बजट 2024 भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र पर आधारित है। जनता से किए गए हर वायदे को पूरा करने का रोडमैप तैयार किया गया है। यह बजट विकसित भारत की गारंटी का बजट है। कहा कि विपक्ष हार की कुण्डा निकालने में व्यस्त है। बताते चले की बस्ती में पहुंचे श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग के कैबिनेट मन्त्री अनिल राजभर ने सर्किट हाउस में पत्रकारों के साथ केन्द्रीय बजट पर प्रेस वार्ता किया। उसके बाद भाजपा कार्यालय पहुँच कर प्रस्तावित केन्द्रीय बजट पर गोष्ठी को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता अमृत कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम



### – भाजपा नेताओं ने किया बजट पर विमर्श

में पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ल, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन कसौधन, सुशील सिंह, यशकांत सिंह, महेश शुक्ल, राजेंद्र गौड़, चन्द्र शेखर मुन्ना, रवि सोनकर, अंकुर वर्मा, राकेश श्रीवास्तव, शिव पूजन राजभर ने बजट पर अपने विचार व्यक्त किये।

मुख्य अतिथि ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। नौजवानों को अनगिनत नये अवसर देने वाला बजट है। कैबिनेट मन्त्री ने कहा कि छोटे व्यापारियों की बात रखी गयी है। सूक्ष्म और मध्यम वर्ग के व्यापारियों का भारत की प्रगति में विशेष योगदान रहा है। ऐसे में एमएसएमई में आने वाले व्यापारियों और कार्यरत लोगों की समस्याओं के निदान को बजट में विशेष योजनाओं के माध्यम से प्रावधान किया गया है।

अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि इस बजट में नये रोजगार और स्वरोजगार अवसरों की अपार सम्भावनाये है।

इस मौके पर सुखराम गौड़, राना दिनेश प्रताप सिंह, सुरेन्द्र सिंह, आत्मा प्रसाद पाठक, श्रीश पाण्डेय, शैलेन्द्र दुबे, अभिनव उपाध्याय, राधेश्याम कमलापुरी, गजेन्द्र सिंह, नितेश शर्मा, अरविन्द श्रीवास्तव, सुनील सिंह, अमित शुक्ल, चन्द्र मणि पाण्डेय सुदामा, अश्वनी उपाध्याय, अनुपम पाण्डेय, कुमकुम भारती, ध्रुव नारायण सिंह, विनय मिश्र, आकाश कसौधन, चंद्रभान गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# इटवा से विधायक माता प्रसाद पाण्डेय विधानसभा नेता प्रतिपक्ष बने

**लखनऊ (आभा)।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने नए नेता प्रतिपक्ष के लिए सपा विधायक माता प्रसाद पाण्डेय के नाम का ऐलान किया है। वे अब विधानसभा में सरकार से सवाल–जवाब करेंगे। इसके अलावा तीन और विधायकों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। अखिलेश यादव ने अमरोहा से विधायक महबूब अली को अधिष्ठाता मंडल, हसनपुर से विधायक कमाल अख्तर को मुख्य सचेतक और प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक राकेश कुमार उर्फ डॉक्टर आरके वर्मा को उप सचेतक बनाया है।

बतादें कि अभी विधानसभा नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी सपा प्रमुख अखिलेश यादव संभाल रहे थे, लेकिन कन्नौज लोकसभा सीट से सांसद चुने जाने के बाद अखिलेश ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद ये पद खाली हो गया था। 29 जुलाई से विधानसभ में मानसून सत्र भी शुरू हो रहा है ऐसे में नेता प्रतिपक्ष को लेकर चर्चा शुरू गई थी। नेता प्रतिपक्ष के नाम के ऐलान को लेकर अखिलेश यादव ने रविवार को सपा विधानमंडल दल की एक बैठक बुलाई थी।



इस बैठक में इंद्रजीत सरोज व राम अचल राजभर, सरोज, शिवपाल यादव जैसे नेताओं का नाम भी नेता प्रतिपक्ष के लिए रखा गया था, लेकिन इस रेस में माता प्रसाद पांडेय ने बाजी मार ली।

नए नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय सिद्धार्थनगर जिले के इटवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। माता प्रसाद का जन्म 31 दिसंबर 1942 में हुआ था। माता प्रसाद यूपी विधानसभा में पहले दो बार अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

यूपी विधानमंडल का मॉनसून सत्र सोमवार से शुरू होने जा रहा है। इस सत्र में खासा हंगामा होने के आसार हैं।

लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद पहली बार हो रहे इस सत्र में मुख्य विपक्षी दल सरकार को घेरने के लिए खासे आक्रामक तेवर दिखाने की तैयारी में हैं तो सरकार भी विपक्ष के आरोपों का माकूल जवाब देने की तैयारी में है।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना रविवार शाम को विधानभवन में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा अन्य दलों के नेता शामिल होंगे। इसके पहले कार्यमंत्रणां समिति की बैठक में सदन के कार्यक्रम को मंजूरी दी जाएगी। भाजपा विधानमंडल दल की बैठक सोमवार को सुबह 9.30 पर होगी।

# निशानेबाज मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत का मेडल का खाता खोला

**नई दिल्ली (आभा)।** निशानेबाज मनु भाकर ने रविवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत का मेडल का खाता खोला। उन्होंने महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में ऐतिहासिक ब्रॉन्ड मेडल जीता। वह ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बन गई हैं। भारत ने 12 साल बाद निशानेबाजी में ओलंपिक मेडल हासिल किया है। रियो ओलंपिक 2016 और टोक्यो ओलंपिक से भारतीय निशानेबाज खाली हाथ लौटे थे।

दूसरी बार ओलंपिक में उतरीं 22 वर्षीय मनु आठ निशानेबाजों के फाइनल में 221.7 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। भारतीय निशानेबाज जब बाहर हुईं तो दक्षिण कोरिया की येजी किम से सिर्फ 0.1 अंक पीछे थीं। येजी (241.3 अंक) को सिल्वर मिला। उनकी हमवतन ये जिन ओह ने 243.2 अंक के फाइनल के ओलंपिक रिकॉर्ड स्कोर के गोल्ड पर कब्जा जमाया।

मनु ओलंपिक में मेडल जीतने वाली पांचवीं भारतीय निशानेबाज हैं। भारत ने ओलंपिक में सबसे पहला मेडल 2004 में एथेंस ओलंपिक में जीता था। तब राजवर्धन सिंह राठौर ने डबल ट्रैप इवेंट में सिल्व हासिल किया था। अभिनव बिंद्रा ने 2008 में बीजिंग में 10 मीटर एयर राइफल में गोल्ड पर निशाना लगाया था। यह भारत के लिए किसी व्यक्तिगत खेल में पहला स्वर्ण था। विजय कुमार ने 2012 में लंदन में 25 मीटर पुरुष पिस्टल इवेंट में सिल्वर जीता था। गगन नारंग ने लंदन ओलंपिक में 10



मीटर एयर राइफल में ब्रॉन्ज अपने नाम किया था।मनु ने क्वॉलिफाइंग राउंड में ने दमदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने अपनी छह श्रृंखलाओं में सटीक निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 580 अंक प्राप्त किए। उनके 97, 97, 98, 96, 96 और 96 के स्कोर ने उन्हें लगातार शीर्ष पर बनाए रखा लेकिन वह आखिर में टॉप–3 में रहीं। बता दें कि मनु टोक्यो ओलंपिक में मेडल जीतने से चूक गई थीं। वह टोक्यो में पिस्टल में खराबी के कारण फाइनल में एंट्री करने में विफल रही थीं। वह टोक्यो में 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में 12वें जबकि 25 मीटर पिस्टल इवेंट में 15वें स्थान पर रही थीं।

## यूपी विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से

**लखनऊ (आभा)।** 29 जुलाई से शुरू हो रहे विधानमंडल मॉनसून सत्र से पहले स्पीकर सतीश महाना ने सभी दलीय नेताओं के साथ बैठक की। विधानसभा अध्यक्ष ने दलीय नेताओं से कहा कि वह सदन में अपना पक्ष शालीनता एवं संसदीय मर्यादा के अन्तर्गत रखते हुए प्रेमपूर्ण वातावरण में सदन में बहस करें। रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री को भी शामिल होना था लेकिन वह समय से नहीं पहुंच सके। सतीश महाना ने कहा कि सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सार्थक चर्चा होनी चाहिए। सतीश महाना ने नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे को बधाई देते हुए कहा कि उनके लम्बे राजनीतिक अनुभव का लाभ प्रदेश की विधानसभा को मिलेगा।

# किसके संरक्षण में चल रही हैं डबल डेकर बसें..?

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। उन्नाव में हुये भीषण सड़क हादसे में 40 लोगों की जान चली गई थी। ये हादसा डबल डेकर बस से हुआ है। जांच हुई तो बस का संचालन मानकों पर न होना पाया गया। लेकिन इतने बड़े हादसे से सबक लेकर डबल डेकर बसों के खिलाफ कार्यवाही करने की बजाय स्थानीय प्रशासन स्कूल बसों के पीछे पड़ा है। दरअसल इस सख्ती से जिम्मेदार अफसर विभाग की असल कमियों पर परदा डालना चाहते हैं।

उक्त बातें यहां प्रेस को जारी विज्ञप्ति में राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा ट्रस्ट के प्रदेश मीडिया प्रभारी महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहीं। उन्होन स्थानीय प्रशासन एवं परिवहन विभाग के अफसरों से स्कूल बसों का निरीक्षण किये जाने के साथ ही डबल डेकर बसों पर भी शिकंजा कसने की मांग किया है। महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा बिहार और अन्य प्रान्तों की बसें बस्ती आरटीओ आफिस में आकर रजिस्टर की जाती हैं। इससे महकमे के भ्रष्टाचार का अंदाजा लगाया जा




सकता है। बस्ती का फर्जी नाम पता दिखाकर दर्जनों डबल डेकर बसों का अवैध संचालन विभागीय अफसरों की मिलीभगत से हो रहा है।

हैरानी इस बात की है कि जिला प्रशासन का ध्यान बिलकुल इधर नही है। महेन्द्र श्रीवास्तव ने विभाग के जिम्मेदार अफसरों से लिखित सूचना देकर कहा है कि हाल ही में महाराष्ट्र से आईं दो बसों (एमएच 04 जीपी 0099 तथा एमएच 04 जीपी 0999 के मालिक बस्ती में इसे रजिस्टर्ड कराना चाहते हैं, इसे रोका जाना निहायत जरूरी है। बस्ती के अफसरों की लचर व्यवस्था के चलते दूसरे प्रान्तों से आकर यहां लोग भ्रष्टाचार की जड़ों में पानी डाल रहे हैं। इस पर रोक नही लगी तो अफसरों का काला चिट्ठा सामने लाया जायेगा।

"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेंडेल फिलिप्स

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 29 जुलाई 2024 सोमवार

## सम्पादकीय

# नशे का धंधा और समाज

शराब से लेकर चरस, अफीम, गांजा आदि का नशा करने की आदत समूचे विश्व में व्याप्त है परन्तु अलग—अलग देशों में और क्षेत्रों में इसकी मात्रा में भिन्नता है। भारत में भी नशे का संसार काफी फैला हुआ है। परन्तु पंजाब में तो नशे ने सीमाएं पार कर रखी हैं। पंजाब में नशे को लेकर कुछ ही वर्ष पूर्व एक फिल्म भी बनी जिसका नाम था 'उड़ता पंजाब'। पाकिस्तान से लगती सीमाओं पर कंटीली तारें कई दशकों से जीरो लाइन पर बनने के स्थान पर भारत की सीमाओं के अंदर बांधी गई हैं, कहीं—कहीं पर तो ये तारें जीरो लाइन से एक किलोमीटर से भी अधिक भारत की तरफ देखी जाती हैं। यदि इन तारों को जीरो लाइन पर ही लगा दिया जाए तो नशीले पदार्थों की तस्करी भी रोकी जा सकती है।

पाकिस्तान से आने वाला नशा एक और मायने में बड़ा भयंकर है जिसे 'चिट्टा' कहा जाता है। यह 'चिट्टा' वास्तव में एक सिंथैटिक नशा है जो अत्यन्त हानिकारक रासायनिक पदार्थों से बनता है। इसका नशा शरीर के अंदर सारे तंत्रों को तीव्र गति से हानि पहुंचाता है। इन्हीं कारणों से पंजाब का नशा सारी दुनिया में फैले नशे की समस्या से अधिक गम्भीर है। नशे के कारण व्यक्ति सबसे पहले तो अपने घर का ही धन बर्बाद करता है। धन पर रोक लगती है तो वह सबसे पहले अपने घर में ही चोरियां शुरू करता है। इसके बाद नशे का प्रभाव समाज को भी झेलना पड़ता है क्योंकि नशा करने वाला व्यक्ति समाज में भी अपराध का खिलौना जल्दी बन जाता है। नशे के कारण व्यक्ति किसी व्यापार या नौकरी के लायक भी नहीं रहता। यह बेरोजगारी और अपराध तीसरे स्तर पर सरकार के लिए भी एक समस्या बन जाते हैं।

पुलिस, प्रशासन, समाजसेवा आदि जैसे सरकारी विभागों को सामूहिक रूप से एक नीति का निर्माण करना चाहिए कि जितना संघर्ष उन्हें नशा करने वाले व्यक्ति के अपराधों के प्रबंधन में करना पड़ता है, उससे कम प्रयास से नशे के वितरण प्रणाली को ही क्यों न समाप्त किया जाए। इसके लिए सरकारी स्तर पर एक मजबूत और लक्ष्यबद्ध इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। नशे की आदत डालने के बाद हमारे समाज को जितना संघर्ष करना पड़ता है, यदि नशे के विरुद्ध चेतावनी देने के प्रयास छोटी अवस्था के बच्चों में ही पूरी चेतना जागृत करने के उद्देश्य से प्रारम्भ कर दिए जाएं तो इसके बड़े सुंदर परिणाम निकल सकते हैं। इसके लिए स्कूलों के अध्यापकों और धार्मिक स्थलों के विद्वानों को विशेष प्रयास प्रारम्भ करने चाहिएं। उससे भी पहले ये प्रयास घरों में ही अपने बच्चों की चेतना जागृत करने के लिए माता—पिता तथा घर के अन्य वृद्धजनों के द्वारा प्रारंभ कर दिए जाने चाहिएं।

सामाजिक संस्थाएं घर—घर अभियान चलाकर छोटी—छोटी पुस्तिकाओं के माध्यम से तथा वार्तालाप के माध्यम से छोटे और युवा होते बच्चों की नशा के विरुद्ध चेतना जागृत करें। मैं स्वयं जब भी किसी शिक्षण संस्थान में जाता हूं तो अपने उद्बोधन में पर्यावरण सुरक्षा, माता—पिता की सेवा और नैतिकता की अनेकों बातों के बीच नशों के विरुद्ध अवश्य ही चर्चा करता हूं और बच्चों से भविष्य में नशा न करने का संकल्प करवाता हूं। बच्चों पर स्कूलों और धर्मस्थलों से मिली शिक्षा की गहरी छाप पड़ती है। इसलिए हम सबको मिलकर नशों के विरुद्ध चेतना को अपने बच्चों की शिक्षा का अंग बना देना चाहिए, नहीं तो इन नशों के कारण हमारे समाज की जवानी पूरी तरह से समाप्त होने के कगार पर पहुंच जाएगी।

स्कूलों में बच्चों को लेकर नशे की हानियों के संबंध में डिबेट करवाई जाए, चित्र प्रतियोगिता करवाई जाए, बच्चों के घरों के अनुभवों पर उनके विचार सुने जाएं, बच्चों की गली—गली रैलियां निकाली जाएं और बच्चों को ऐसे अभियानों में खुलकर प्रोत्साहित किया जाए तो आज दिखाई देने में यह छोटा—सा प्रयास कुछ ही वर्षों में पंजाब की तस्वीर बदल सकता है। बच्चे खुद तो प्रेरित होंगे ही बल्कि घर जाकर अपने वृद्धजनों को भी शराब के विरुद्ध सचेत करने का कार्य करते रहेंगे। नशे से बरबाद हो रहे लोगों को बचाना होगा।

# प्रकृति, शिव और समाज को जोड़ती कांवड़ यात्रा



—डॉ. आशीष वशिष्ठ—



कांवड़ का अर्थ है परात्पर शिव के साथ विहार। अर्थात् ब्रह्म यानी परात्पर शिव, जो उनमें रमण करे वह कांवड़िया। प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में लाखों की तादाद में कांवड़िए दूर—दराज से आते हैं और अपने आस—पास के स्थानों से गंगा जल भरते हैं, तत्पश्चात् पदयात्रा कर अपने—अपने स्थानों को वापस लौट जाते हैं।

इसी यात्रा को कांवड़ यात्रा कहा जाता है। फिर चतुर्दशी के दिन उस गंगा जल से अपने के आसपास शिव मंदिरों में शिव का अभिषेक किया जाता है, और शिव जी से अपनी और अपनों की सुख शांति की प्रार्थना की जाती है। कहने के लिए तो ये बस एक धार्मिक आयोजन मात्र है, लेकिन इसका सामाजिक और धार्मिक महत्व बहुत है। इसका सामाजिक सरोकार भी हैं।

कांवड़ के माध्यम से जल की यात्रा का यह पर्व सृष्टि रूपी शिव की आराधना के लिए है। जल आम आदमी के साथ—साथ पेड़—पौधों, पशु—पक्षियों, धरती में निवास करने वाले हजारों—लाखों तरह के कीड़े—मकोड़ों और समूचे पर्यावरण के लिए बेहद आवश्यक तत्व है। उत्तर भारत की भौगोलिक स्थिति को देखें तो यहां के मैदानी इलाकों में मानव जीवन नदियों पर ही आश्रित है।

कांवड़िए जलस्रोत से एक बार जल भरकर उसे अभीष्ट कर्म के पूर्व अर्थात् शिवजी को अर्पण करने के पहले भूमि पर नहीं रखते हैं। इसके मूल में भावना यह है कि जलस्रोत से प्रभु को सीधे जोड़ा है जिससे धारा प्राकृतिक रूप से उन पर बनी रहे एवं उनकी कृपा हमारे ऊपर भी सतत् धारा के अनुसार बहती रहे जिससे संसार सागर को सुगमता से पार किया जा सके।

भोलेनाथ के भक्त यूं तो साल भर कांवड़ चढ़ाते रहते हैं, लेकिन सावन में इसकी धूम कुछ ज्यादा ही रहती है क्योंकि यह मास भगवान शिव को समर्पित है। अब तो उत्तर भारत में खासतौर पर दिल्ली—एनसीआर, पश्चिमी व पूर्वी यूपी में कांवड़ यात्रा एक पर्व कुंभ मेले के समान एक महाआयोजन का रूप ले चुकी है। काशी और देवघर में भी कांवड़ यात्रा का खासा महत्व है। पिछले डेढ़ दशक में कांवड़ यात्रा की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

बहुत कम लोग जानते हैं कि भगवान शिव पर सबसे पहले कांवड़ किसने चढ़ाया और इसकी शुरुआत कैसे हुई। कुछ कथाओं के भगवान परशुराम ने अपने आराध्य देव शिव के नियमित पूजन के लिए पुरा महादेव में मंदिर की स्थापना कर कांवड़ में गंगाजल से पूजन कर कांवड़ परंपरा की शुरुआत की, जो आज भी देशभर में काफी प्रचलित है।

कांवड़ की परंपरा चलाने वाले भगवान परशुराम की पूजा भी श्रावण मास में की जानी चाहिए। पौराणिकता मान्यता है कि कांवड़ यात्रा एवं शिवपूजन का आदिकाल से ही अन्योन्याश्रित संबंध है। महाकवि कालिदास ने हिमालय को शिव का प्रतिरूप बताते हुए इसके सांस्कृतिक, भौगोलिक और धार्मिक महत्त्व को रेखांकित किया है। यों भी कह सकते हैं कि कांवड़ यात्रा शिव के कल्याणकारी रूप और निष्ठा के नीर से उसके अभिषेक को तीव्र रूप में प्रतिध्वनित करती है।

उत्तर भारत में भी गंगाजी के किनारे के क्षेत्र के प्रदेशों में कांवड़ का बहुत महत्व है। राजस्थान के मारवाड़ी समाज के लोगों के यहां गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बदरीनाथ के तीर्थ पुरोहित जो जल लाते थे और प्रसाद के साथ जल देते थे, उन्हें कांवड़िए कहते थे। ये लोग गोमुख से जल भरकर रामेश्वरम में ले जाकर भगवान शिव का अभिषेक करते थे।

दरअसल, यह एक प्रचलित परंपरा थी। लगभग 6 महीने की पैदल यात्रा करके वहां पहुंचा जाता था। इसका पौराणिक तथा सामाजिक दोनों महत्व है। इससे एक तो हिमालय से लेकर दक्षिण तक संपूर्ण देश की संस्कृति में भगवान का संदेश जाता था। इसके अलावा भिन्न—भिन्न क्षेत्रों की लौकिक और शास्त्रीय परंपराओं के आदान—प्रदान का बोध होता था, लेकिन अब इस परंपरा में परिवर्तन आ गया।

कांवड़ यात्रा का धार्मिक महत्व तो जगजाहिर है, लेकिन इस कांवड़ यात्रा से वैज्ञानिकों ने उत्तम स्वास्थ्य भी जोड़ दिया है। प्रकृति के इस खूबसूरत मौसम में जब चारों तरफ हरियाली छाई रहती है तो कांवड़ यात्री भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए पैदल चलते हैं। पैदल चलने से हमारे आसपास के वातावरण की कई चीजों का सकारात्मक प्रभाव हमारे मनमस्तिष्क पर पड़ता है। चारों तरफ फैली हरियाली आंखों की रोशनी बढ़ाती है। वहीं ओस की बूंदे नंगे पैरों को ठंडक देती हैं तथा सूर्य की किरणें शरीर को रोगमुक्त बनाती हैं।

ये यात्रा प्रकृति और मानव के संबंधों में नई उष्मा, निकटता एवं प्रेम को बढ़ाती है। डॉक्टरों के मुताबिक धार्मिक चेतना से मानव जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कांवड़ यात्रा स्वास्थ्यप्रद होती है। पैदल, नाचते—गाते और दौड़ लगाते हुए शिवभक्त जाते हैं। इससे शरीर में खुशी के हार्मोंस जेनरेट होते हैं। व्यक्ति तनाव मुक्त हो जाता है। पैदल चलने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं और हार्ट और फेफड़ों को शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है।

पवित्र गंगा को स्वर्ग अर्थात् पहाड़ों से पृथ्वी अर्थात् मैदानी इलाकों में लाने के लिए महान शिव के द्वारा जिस श्रमदान का आयोजन किया गया वह उस समय अत्यंत दुष्कर कृत्य रहा होगा। पर्वतों के बीच गमन करना और श्रमदान करना निश्चित ही कोई सुगम कार्य नही रहा होगा। कितने ही किसान—श्रमिक कर्तव्य की बलिवेदी पर न्योछावर हुए होंगे।

यह बात वह शिव भक्त कांवड़िये आसानी से समझ सकते हैं जो गोमुख या उसके भी ऊपर ऊंचाइयों से जल लाने हेतु पैदल पद यात्रा करते हैं। उसी महान श्रमदान की स्मृति आज भी कांवड़ के विशाल आयोजन में संरक्षित दिखाई पड़ती है।

संभवतः हताहत तथा कालकलवित हुए कृषकों व श्रमिकों की आत्मा की शांति की कामना के लिए उसी पवित्र जल से शिव को जलाभिषेक करने की उज्जवल परम्परा का विकास कांवड़ यात्रा मे कहीं न कहीं दृष्टिगोचर होता है। इस तथ्य से यह भी जाना जा सकता है कि जो जल हमें आज इतनी आसानी से प्राप्त है वह कितना मूल्यवान है।

नदियों से दूर—दराज रहने वाले लोगों को पानी का संचय करके रखना पड़ता है। हालांकि मानसून काफी हद तक इनकी आवश्यकता की पूर्ति कर देता है तदापि कई बार मानसून का भी भरोसा नहीं होता है।

ऐसे में बारहमासी नदियों का ही आसरा होता है, इसके लिए सदियों से मानव अपने इंजीनियरिंग कौशल से नदियों का पूर्ण उपयोग करने की चेष्टा करता हुआ कभी बांध तो कभी नहर तो कभी अन्य साधनों से नदियों के पानी को जल विहिन क्षेत्रों में ले जाने की कोशिश करता रहा है। लेकिन आबादी का दबाव और प्रकृति के साथ मानवीय व्यभिचार की बदौलत जल संकट बड़े रूप में उभर कर आया है।

धार्मिक संदर्भ में कहें तो इंसान ने अपनी स्वार्थपरक् नियति से शिव को रूष्ट किया है। कांवड़ यात्रा का आयोजन अति सुन्दर बात है। कांवड़ यात्रा में शामिल हर कांवड़िए को इस महत्वपूर्ण यात्रा महत्ता व अंतर्निहित संदेश को समझना होगा। प्रतीकात्मक तौर पर कांवड़ यात्रा का संदेश इतना भर है कि आप जीवनदायिनी नदियों के लोटे भर जल से जिस भगवान शिव का अभिषेक कर रहे हैं वे शिव वास्तव में सृष्टि का ही दूसरा रूप हैं।

वास्तव में, धार्मिक आस्थाओं के साथ सामाजिक सरोकारों से रची कांवड़ यात्रा वास्तव में जल संचय की अहमियत को उजागर करती है। कांवड़ यात्रा की सार्थकता तभी है जब आप जल बचाकर और नदियों के पानी का उपयोग कर अपने खेत—खलिहानों की सिंचाई करें और अपने निवास स्थान पर पशु—पक्षियों और पर्यावरण को पानी उपलब्ध कराएं तो प्रकृति की तरह उदार शिव सहज ही प्रसन्न होंगे। विभिन्न धर्माचार्यों का भी यही मत है शिव की सच्ची उपासना केवल पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन से ही संभव है। कलियुग में विषपान करने के लिए शिव ने ही पौधों का रूप लिया है। गंगा सहित सभी नदियां शिव की तरह जीवनदायिनी हैं। इन्हें बचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

# राहुल की मेहनत पर पानी फेरती गुटबाजी



— तनवीर जाफरी—



देश के सबसे प्राचीन राजनैतिक संगठन कांग्रेस ने जितनी बार विभाजन व विघटन सामना किया है उतना किसी दूसरे राजनैतिक दल को नहीं करना पड़ा। केवल विभाजन ही नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी के जितने अवसरवादी,सत्ता लोलुप व विचार विहीन नेताओं ने दल बदल किया है और पार्टी छोड़ कर इधर उधर गए हैं उतने दल बदलू नेता भी किसी अन्य पार्टी में नहीं मिलेंगे। और विगत एक दशक से तो सत्ता ने कांग्रेस विरोध का जो तरीका निकाला है उसे देखकर तो लगता ही नहीं कि कांग्रेस का शराजनैतिक विरोधश किया जा रहा है। बल्कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस विरोध को व्यक्तिगत रंजिश व दुश्मनी के रूप में पेश किया जा रहा है। उदाहरण के तौर पर शकांग्रेस मुक्त भारत श का नारा देना, कई कांग्रेस शासित सरकारों को डरा धमकाकर या लालच देकर गिराना व अपनी सरकार बनाना,कांग्रेस के अनेक नेताओं को किसी न किसी आरोप में उलझाकर उन्हें हतोत्साहित करने की कोशिश करना,राहुल गाँधी की लोकसभा सदस्ता रद्द करना,उनसे बांग्ला खाली करवा लेना,उनपर कई जगहों से मुकद्दमे कायम कराना, चुनाव पूर्व कांग्रेस के खाते फरीज करवाना,ई डी ,सी बी आई आदि का भय दिखाकर अनेक कांग्रेस नेताओं को अपने पाले में लाना, नेहरू गाँधी परिवार पर तरह तरह के झूठे लांछन लगाना, स्वयं दस वर्षों से सत्ता में रहने के बावजूद देश की अनेक समस्याओं के लिये नेहरू को जिम्मेदार ठहराना,राहुल गाँधी को 'पप्पू' साबित करने के लिये करोड़ों खर्च करना व भाजपा आई टी सेल द्वारा तरह तरह के हथकंडे अपनाते हुये कांग्रेस को सनातन विरोधी,हिन्दू विरोधी बताना कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टीकरण व पाक परस्त होने का दुष्प्रचार करना जैसी तमाम बातें हैं जो इस नतीजे पर पहुँचने के लिये काफी हैं कि भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान शीर्ष नेतृत्व ने कांग्रेस को समाप्त करने में अपनी तरफ से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी।

सत्तारूढ़ भाजपा के इसी कांग्रेस विरोधी दुष्प्रचार का परिणाम था कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस भारतीय इतिहास में अब तक सबसे कम यानी मात्र 52 सीटें ही जीत सकी। और इसी बहाने भाजपा ने कांग्रेस का विपक्ष के नेता के पद का दावा भी स्वीकार नहीं किया। कारण बताया गया कि विपक्ष के नेता के पद का दावा करने के लिए कांग्रेस आवश्यक 10: सीटें पाने में विफल रही है। उसके बाद राहुल गाँधी ने सत्ता से डटकर मुकाबला किया। कई ज्वलंत मुद्दे उठाये। पूरे देश में दक्षिण से उत्तर यानी कन्याकुमारी से श्रीनगर व पूरब से पश्चिम अर्थात मणिपुर से मुंबई तक की 10,000 किलोमीटर से भी अधिक की दूरी तय की। राहुल ने इस दौरान समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से मुलाकात की। इन यात्राओं में राहुल के साथ देश की अनेकानेक प्रमुख हस्तियां भी शामिल हुईं। उन्हें यह पद यात्रा खासतौर पर इसलिये करनी पड़ी क्योंकि देश का मीडिया सत्ता के आगे दंडवत हो चुका है। मीडिया विपक्ष की आवाज बनना या जनता की आवाज उठाना तो दूर उल्टे विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा करने की कोशिश में लगा रहता है। मुख्य धारा का कहा जाने वाला यही मीडिया है जिसने राहुल को पप्पू साबित करने में भाजपा व उसके आई टी सेल का पूरा साथ दिया। इसीलिये राहुल ने देश की जनता से स्वयं मिलने, व उनकी समस्याओं को सुनने का प्रयास किया। राहुल गाँधी के अनुसार 2024 का न्याय पत्र ध चुनाव घोषणापत्र भी उसी पदयात्रा के दौरान निकाले गये निष्कर्षों व जनता से मिले सुझावों पर ही आधारित है।

राहुल गांधी ने अपने इन्हीं अथक प्रयासों की बदौलत 2024 के लोकसभा चुनाव में न केवल कांग्रेस को 52 से बढ़ाकर लगभग 100 तक पहुँचाया है बल्कि यू पी ए की जगह नया इंडिया गठबंधन बनाकर भी सत्तारूढ़ भाजपा व राजग को कड़ी चुनौती दी है। पिछले 5 वर्षों में जितने नेताओं ने कांग्रेस छोड़ी है उतने नेता किसी अन्य पार्टी से पलायन करते तो उस दल का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता। परन्तु राहुल गाँधी व प्रियंका गाँधी ने सोनिया गाँधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में अपने कौशल का लोहा मनवाकर स्वयं को अजेय समझने की गलतफहमी पालने वाले नेताओं को बैकफुट पर धकेल कर उन्हें रक्षात्मक मुद्रा में ला खड़ा किया। कांग्रेस के इस पुनरुत्थान से पूरे देश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में तो जरूर जोश व उत्साह का संचार हुआ है परन्तु नेताओं की गुटबाजी है कि अभी भी कम होने का नाम नहीं ले रही है।

हर राज्य में कई कई मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं। हर नेता मुख्यमंत्री बनने के चक्कर में अपने अधिक से अधिक समर्थकों को टिकट दिलाना चाहता है भले ही वह विजयी होने की स्थिति में हो या न हो। कोई स्वयं मुख्यमंत्री रह चुका है तो वह अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाह रहा है। जिसे पार्टी टिकट नहीं देती वह दूसरे दल में यहाँ तक कि विचारधारा के मामले में धुर विरोधी दलों तक में जाने से गुरेज नहीं करता। इस तरह के दलबदल से एक बात तो साफ हो ही जाती है कि ऐसे नेताओं का न तो कोई जमीर है न वैचारिक प्रतिबद्धता, न पार्टी के प्रति वफादारी का जज्बा और न ही इस बात की फिक्र कि वर्तमान दौर में गांधीवादी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाली कांग्रेस को समाप्त करने की साम्प्रदायिकतावादियों की साजिशों का मुकाबला करने के लिये राहुल व प्रियंका गाँधी द्वारा कितनीमेहनत की जा रही है। देश का कौन नेता है जो मोचियों से चप्पल सिलना सीखेऔर उनके दुःख दर्द पता करे ? फौजी, छात्र,लोको पायलट,कुली,मजदूर, किसान, सब्जी फरोश, ट्रक ड्राइवर, राज मिस्त्री, चाय वाला, टैम्पू चालक, खेतिहर मजदूर, स्कूटर मिस्त्री किस वर्ग से राहुल नहीं मिले ? उनकी इसी मेहनत का ही नतीजा है कि आज कांग्रेस पुनः वापसी की राह पर है। परन्तु उन नेताओं को जिनकी पहचान ही कांग्रेस नेता के रूप में बनी है जब वही लोग कांग्रेस पार्टी के समर्पित नेता व कार्यकर्त्ता बनाने के बजाये केवल अपने स्वार्थवश अपने अपने गुट के नेताओं को ही तरजीह देने लगेंगे तो कहना गलत नहीं होगा कि पार्टी की यह भीतरी गुटबाजी राहुल की मेहनत पर पानी फेरने का काम करेगी।

# संकल्प दीर्घ लक्ष्य प्राप्ति का सन्मार्ग



—संजीव ठाकुर—

मनुष्य सदैव प्रयास करता है कि उसे लक्ष्य और सफलता जल्द से जल्द प्राप्त हो पर वस्तुतः ऐसा होता नहीं है, स्थाई सफलता के लिए कठोर श्रम, संकल्प, सहजता और विनम्रता सच्चे सन्मार्ग हैं जल्दी का काम शैतान का होता है ऐसा कहावतें कहती है, लक्ष्य प्राप्ति के लिए जीवन में निरंतर श्रम सहजता सरलता और संघर्ष के साथ संयम का बड़ा योगदान होता है। प्रत्येक व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है वह जीवन के हर सोपान में अपने आप को उत्तम स्थिति में रखना चाहता है। किंतु जीवन की सफलता मनुष्य के संघर्ष और उसके आचरण में अंतर्निहित विनम्रता पर भी निर्भर करती हैं। मनुष्य यदि सब कुछ प्राप्त करके भी वह विनम्र नहीं है तो उसका जीवन अधूरा है। रावण बहुत बड़ा विद्वान और शास्त्रों का ज्ञाता था किंतु उसके जीवन में और उसके आचरण में विनम्रता ना होकर दंभ और अहंकार समाविष्ट था, अतः वह अपने अहम और विनम्रता विहीन जीवन के कारण प्रभु श्री राम के हाथों मारा गया। विनम्रता मनुष्य का वह गुण है जो मनुष्य के निजी जीवन में समाजीकरण की प्रक्रिया में उसके द्वारा आत्मसात किया जाता है। मनुष्य मूलतः अहंकारी, स्वार्थी, लालची तथा पद प्राप्त करने वाला लोभी रूप होता है। किंतु धीरे—धीरे वह सामाजिक परिवेश में अपने आसपास के ज्ञानी ,साधु एवं सच्चे सद्गुणी नागरिकों के संपर्क में आकर अपने लोभ तथा लालच की अहंकारी गतिविधियों में सुधार लाकर सहिष्णु, सौहार्द, करुणा, सहयोग आदि गुणों को अपने में समाहित कर विनम्रता के सद्गुण को ग्रहण कर लेता है। विनम्रता सही मायने में सामाजिक अच्छाई की परिणति है। सद्गुण और विनम्रता महान लोगों के द्वारा ग्रहण किया हुआ वह अलंकार है जो उसे लोक तथा परलोक में सर्वमान्य रूप से स्थापित करता है। छोटा और तुच्छ व्यक्ति अपनी छोटी—छोटी गतिविधियों में रहकर अपने आप को सर्वशक्तिमान एवं सर्व ज्ञानी समझकर कुएं के मेंढक की तरह अधजल गगरी छलकत जावे की कहावत को सिद्ध करता है। महान तथा ज्ञानी व्यक्ति के व्यक्तित्व में विनम्रता झलकती है वह उसे प्रदर्शित करने से परहेज करते हैं क्योंकि विनम्रता उनके संपूर्ण व्यक्तित्व में समाहित होती है। विनम्रता किसी भी सज्जन व्यक्ति की जीवन की शैली होती है। महान और विनम्र व्यक्ति की प्रशंसा करने पर भी वे उसे स्वीकार न कर किसी दूसरे व्यक्ति को इसका श्रेय देते हैं। और अज्ञानी और छोटी सोच के कारण व्यक्ति अपने मियां मिट्ठू बनने से नहीं अघाते हैं। ज्ञानी व्यक्ति अपनी उपलब्धि को समाज की बेहतरी के लिए उपयोग में लाता है, ना कि उसे केवल अपने अथवा अपने करीबी या परिवार के लिए ही सीमित नहीं रखता है। विनम्र व्यक्ति सदा ज्ञान तथा सद्गुणों की खोज में रहता है एवं उसके जीवन में नई—नई उपलब्धियां अपने आप आने लगती हैं । जिस तरह फलदार वृक्ष सदैव झुके हुए होते हैं उसी तरह विनम्र और ज्ञानी व्यक्ति भी बहुत अधिक विनम्र तथा देश समाज और राष्ट्र के प्रति निष्ठावान होता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद पर बने रहने के पश्चात भी विद्यार्थियों के साथ रहा करते थे जो उनको महानतम बनाता है और इसी महानता के लिए उन्हें भारत का सर्वोच्च भारत रत्न की उपाधि दी गई थी। ज्ञानी व्यक्ति केवल सूचनाओं का केंद्र ही नहीं होता बल्कि ज्ञान उसे विनम्र और सद्गुणी बनाता है, विनम्रता मनुष्य को उसके जीवन में अच्छे मार्ग में प्रशस्त होता है विनम्र व्यक्ति ही समाज में उचित स्थान तथा सम्मान का हकदार बनता है। विनम्रता से ही मनुष्य समाज के हर पहलू में उसका पात्र बनकर उसे ग्रहण करने का अधिकार रखता है। इसलिए विनम्र एवं ज्ञानी व्यक्ति समाज में सदैव सम्मानित एवं उच्च स्थान प्राप्त करने वाला व्यक्ति बन जाता है। विनम्र व्यक्ति में नेतृत्व गुण भी संभावित होता है क्योंकि ज्ञानी और विनय शील व्यक्ति को अपने नेतृत्व कर्ता के रूप में शहर से स्वीकार करती है।

